Celebration of 131st Birth Anniversary of Dr. S R Ranganathan by conducting online workshop on e-Tools and Researcher-driven Panel Discussion

(Date: 9 th -11 th August 2023)

## हकेंवि में राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस पर कार्यक्रम

महेंद्रगढ़, 17 अगस्त (हप्र)

राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों-शोधार्थियों को विषय के व्यावहारिक व ऐतिहासिक पहलुओं को जानने में मददगार साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. एस.आर. रंगनाथन का पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान है।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. एस. आर. रंगनाथन के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ हुई। तत्पचात विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने पुस्तकों, पठन-पाठन, पुस्तकालयों के महत्त्व पर अवगत कराया। उन्होंने पुस्तकालय से संबंधित सेवाओं में उनके योगदान के लिए पुस्तकालय कर्मचारियों को सम्मानित भी किया।



महेंद्रगढ़ स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ व अन्य । -हप्र

### बीएड, एमएड विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम

हकेंवि के शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नव प्रवेशित बीएड व एमएड विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह इंडक्शन कार्यक्रम अवश्य ही नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली से अवगत कराने में मददगार साबित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत बी.एड. के संकायों और छात्र प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। तत्पश्चात स्कूल ऑफ एजुकेशन की अधिष्ठाता एवं शिक्षक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि इंडक्शन कार्यक्रम पर प्रकाश डाला।

दैनिक ट्रिब्यून Fri, 18 August 2023
https://epaper.dainiktribuneonline.com/c/73227481

# राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर हकेवि कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**महेन्द्रगढ़। चेतना संवाददाता।**

राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों-शोधार्थियों को विषय के व्यावहारिक व एतिहासिक पहलुओं को जानने में मददगार साबित होते हैं। जहां तक बात डॉ. एस.आर. रंगनाथन की है तो पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. एस. आर. रंगनाथन के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ हुई। तत्पचात विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने पुस्तकों, पठन-पाठन, पुस्तकालयों के महत्त्व पर अपने विचार से प्रतिभागियों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने पुस्तकालय से संबंधित सेवाओं में उनके योगदान के लिए पुस्तकालय कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा पुस्तकालय में ई-टूल्स की भूमिका विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आईआईटी, दिल्ली से डॉ. टी.आर. मनु; आईआई बैंगलोर से डॉ. नम्रता राय तथा हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय से सुश्री प्रिया विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

इसी क्रम में समाज की बेहतरी के लिए अनुसंधान: शोधकर्ताओं की भूमिका, जिम्मेदारियां एवं दृष्टिकोण विषय पर चर्चा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सी एच ने रिसर्च प्रकाशन व अनुसंधान परिणामों को प्रभावी ढ़ंग से संवाद करने के तरीको पर विस्तार से चर्चा की। विश्वविद्यालय के उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ राजीव वशिष्ठ, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार सिंह, श्री नरेश कुमार और डॉ विनीता मलिक ने भी पैनल चर्चा के विषय पर अपने विचार साझा किए।

## हकेवि में बीएड व एमएड विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नव प्रवेशित बीएड व एमएड विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह इंडक्शन कार्यक्रम अवश्य ही नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली से अवगत कराने में मददगार साबित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत बी.एड. के संकायों और छात्र प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात स्कूल ऑफ एजुकेशन की अधिष्ठाता एवं शिक्षक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि इंडक्शन कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के नए वातावरण में सहज महसूस कराना, दैनिक दिनचर्या निर्धारित करना, बैच के सदस्यों के साथ-साथ संकाय और वरिष्ठ विद्यार्थियों के बीच संबंध बनाना, कार्यक्रम की प्रकृति से परिचित कराना है। उन्होंने बीएड और एमएड में उपलब्ध करियर के अवसरों से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर सारिका शर्मा, डीन, स्कूल ऑफ एजुकेशन और प्रमुख, शिक्षक शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में की गई थी। कार्यक्रम में पूरे संकाय, सहायक कर्मचारी और बड़ी संख्या में नए और पुराने छात्र शामिल हुए। विभाग के प्रो. गौरव सिंह ने विश्वविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं से प्रतिभागियों को का अवगत कराया। बी.एड. कार्यक्रम समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने कहा कि विद्यार्थी किसी भी शैक्षणिक संस्थान के पहले हितधारक होते हैं। वे शिक्षण संस्थान की धुरी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जिम्मेदारियां निभाने के लिए तत्पर रहने का भी आह्वान किया। विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रो. नंदकिशोर ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिसर में अपनाए जाने वाले अनुशासन के बारे में जानकारी दी।

# राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर हकेवि में ऑनलाइन कार्यशाला करवाई



**महेंद्रगढ़** | राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर हकेवि में पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों-शोधार् थियों को विषय के व्यावहारिक व ऐतिहास्कि पहलुओं को जानने में मददगार साबित होते हैं। जहां तक बात डॉ. एस.आर. रंगनाथन की है तो पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. एस.आर. रंगनाथन के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ हुई। तत्पश्चात विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने पुस्तकों, पठन-पाठन, पुस्तकालयों के महत्त्व पर अपने विचार से प्रतिभागियों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने पुस्तकालय से संबंधित सेवाओं में उनके योगदान के लिए पुस्तकालय कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा पुस्तकालय में ई-टूल्स की भूमिका विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस पर हकेंवि में किया कार्यक्रम



कार्यक्रम में शामिल शिक्षक व अन्य। स्रोत : विवि

**महेंद्रगढ़।** राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों-शोधार्थियों को विषय के व्यावहारिक व ऐतिहासिक पहलुओं को जानने में मददगार साबित होते हैं, जहां तक बात डॉ. एसआर रंगनाथन की है तो पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. एसआर रंगनाथन के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ हुई। तत्पश्चात विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने पुस्तकों, पठन-पाठन, पुस्तकालयों के महत्त्व पर अपने विचार से प्रतिभागियों को अवगत कराया। इस अवसर पर केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा पुस्तकालय में ई-टूल्स की भूमिका विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आईआईटी, दिल्ली से डॉ. टीआर मनु, आईआई बैंगलोर से डॉ. नम्रता राय तथा हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय से प्रिया विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।